# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 30.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1. धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री दूसरे व्यक्ति को बदनीयत से कर बेच देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना छजलैटः-



अवगत कराना है दिनांक 04.09.2024 को वादिनी निवासिनी थाना छजलैट क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के साथ धोखाधड़ी कर जमीन का पूर्ण भाग दूसरे व्यक्ति को बदनीयत से बेच देने के संबंध में थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 188/2024 धारा- 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30-09-2024 को उ0नि0 ईसार अहमद थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी युसूफ अली पुत्र रहीसुद्दीन निवासी ग्राम खलीलपुर कद्द्दीम थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**2. जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 07 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.09.2024 को **थाना कटघर** पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1- शेखर पुत्र बिशनपाल नि0 नई बस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 2- अन्नू उर्फ वसीम पुत्र यासीन निवासी करूला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 3- फय्याज पुत्र स्व0 अंसार निवासी रहमत नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना सोनकपुर** पुलिस द्वारा आरोपी 1- विष्णु पुत्र प्रेम सिंह, 2- अनुज पुत्र चरण सिंह, 3- विक्की पुत्र सुरेश निवासीगण हृदयपुर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 4- विक्रांत पुत्र नत्थू निवासी मानसरोवर कॉलोनी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

3. **थाना बिलारी पुलिस ने दि0 21.09.2024 को थाना क्षेत्रांतर्गत हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, तथा लूट का माल किया बरामद।**




अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अनावरण हेतु शेष घटनाओं का खुलासा करने व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी, मुरादाबाद के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में चैकिंग के दौरान दिनांक 29.09.2024 को थाना बिलारी पुलिस टीम द्वारा 03 संदिग्धों को रोका गया। उपरोक्त संदिग्ध व्यक्तियो से पूछताछ की गयी तो अभियुक्तगण द्वारा दि0 21.09.2024 को थाना क्षेत्रान्तर्गत लूट की घटना करना बताया। अभियुक्तगण की जामा तलाशी से लूटे गये 01 जोडी कुन्डल व एक लाकेट पीली धातु बरामद हुये। अभियुक्तगण से उनका नाम पता पूछा तो उनके द्वारा अपना नाम_1.गौरव पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम सीलपुर थाना कुन्दरकी मुरादाबाद 2. अंकित पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी मुरादाबाद 3.विक्की पुत्र रूपकिशोर निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद बताया गया। अभियुक्तगण को मौके से गिरफ्तार कर विस्तृत पूछताछ की गई।

पूछताछ में अभियुक्तगण गौरव, अंकित ,विक्की उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 21.09-2024 में ग्राम वीरमपुर से सनाई जाने वाले मार्ग पर एक महिला गुजरी तो हमारे मन में शरारत आ गयी और हम तीनो ने महिला को रोककर उसके कानो के कुण्डल व गले का लाकेट छीन लिये थे, तथा माल को आपस मे बाँट लिया था।

उक्त संबंध में थाना बिलारी पर वादिनी अनीसा पत्नी नौसे खाँ निवासी ग्राम सनाई थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद की तहरीर के आधार पर **मु0अ0सं0-608/2024 धारा 309(4)बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात** पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त मे लूटा गया माल 01 जोडी कानो के कुण्डल व 01 गले का लाकेट बरामद कर अभि0गण 1.गौरव

पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम सीलपुर थाना कुन्दरकी मुरादाबाद 2. अंकित पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी मुरादाबाद 3.विक्की पुत्र रूपकिशोर निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

**1.**गौरव पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम सीलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

**2.**अंकित पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी मुरादाबाद

**3.**विक्की पुत्र रूपकिशोर निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी का विवरणः-**

**1.एक जोडी कानो के कुण्डल पीली धातु**

**2.एक गले का लाकेट पीली धातु**

**1.अभियुक्त गौरव उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1- मु0अ0स0-608/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना बिलारी,

**2.अभियुक्त अंकित उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0स0-608/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना बिलारी,

**3.अभियुक्त विक्की उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**
मु0अ0स0-608/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना बिलारी

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1.प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह थाना बिलारी मुरादाबाद
2.व0उ0नि0 अमित कुमार बिलारी मुरादाबाद
3.उ0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह थाना बिलारी
4.का0 सचिन सिंह
5.का0 मोहित कुमार
6.का0 अरविन्द कुमार
7.क0 रजनेश कुमार

## 4. थाना सोनकपुर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार तथा लूट का माल किया बरामद ।




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी महोदय के नेतृत्व में थाना सोनकपुर पुलिस टीम द्वारा थाना सोनकपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 106/24 धारा 309(6) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण को आज दिनांक 30.09.2024 को थाना सोनकपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम भूडा मे अन्डर पास के नीचे अभियुक्तगण 1.नीरज सिंह उर्फ शरद सैनी पुत्र रामकिशोर सैनी निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2.मौ0 कासिम पुत्र मौ0 कमरूद्दीन निवासी ग्राम शीलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 3.नरान सैनी उर्फ विशाल सैनी पुत्र गजेन्द्रपाल सिंह सैनी निवासी ग्राम ग्वारऊ थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अदद मोबाइल व कुल 3560/-रुपये बरामद किये गये । अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### पूछताछ विवरणः-

पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त गणो द्वारा बताया गया कि हम लोग अभी बेरोजगार है कभी कभार शराब आदि का नशा कर लेते है जिसका खर्चा निकालने के लिये हम लोगो द्वारा यह घटना की गयी है ।

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.नीरज सिंह उर्फ शरद सैनी पुत्र रामकिशोर सैनी निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

2.मौ0 कासिम पुत्र मौ0 कमरूद्दीन निवासी ग्राम शीलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

3.नरान सैनी उर्फ विशाल सैनी पुत्र गजेन्द्रपाल सिंह सैनी निवासी ग्राम ग्वारऊ थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**

02 अदद मोबाइल (एक मल्टीमीडिया वीवो कम्पनी का व दूसरा कीपैड मोबाइल सैमसंग गुरु) व कुल 3560/-रुपये

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 106/24 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना सोनकपुर मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम–**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सर्वेन्द्र कुमार शर्मा
2. व0उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार
3. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार नेहवाल
4. का0 चक्रेश चौधरी
5. का0 अंकुर मलिक